# महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान
(शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी संस्था)
वेदविद्या मार्ग, चिंतामण गणेश, पोस्ट जवासिया, उज्जैन –456006 (म.प्र.)
**Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan**
(An autonomous organisation under Ministry of Education, Govt. of India)
Vedavidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasiya, UJJAIN- 456006 (M.P.)


प.सं. 4-3/2023(शै.)/मसारावेसंशिबो/ दिनांक:26/12/2023

## अधिसूचना

**अनुदान रहित वेद विद्यालय के एवं अनुदान रहित वेद गुरु शिष्य इकाई की महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड से सम्बद्धता के सम्बन्ध में। (कोई अनुदान देय नहीं होगा)**

देशभर में अलग-अलग राज्यों में **अनुदान रहित** वेद-पाठशालाएँ/वेद-विद्यालय/संस्थाएं एवं **अनुदान रहित गुरुशिष्य** इकाइयां हैं, जिनमें हजारों छात्र वेद-अध्ययनरत हैं। इन **अनुदान रहित** वेद-विद्यालयों/ वेद-पाठशालाओं/संस्थाओं तथा इकाइयों को संबद्धता शुल्क के साथ **महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड, उज्जैन से सम्बद्धता देने हेतु बोर्ड द्वारा निर्णय लिया गया है कि इन अनुदान रहित वेद विद्यालयों**/ वेद-पाठशालाओं/संस्थाओं **तथा इकाइयों के छात्र बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षाओं में सम्मिलित हो सकते हैं। महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड, उज्जैन से सम्बद्धता हेतु आवेदन प्रतिवर्ष करना होगा।**

**अनुदान रहित** वेद-विद्यालयों /वेद-पाठशालाओं/संस्थाओं तथा इकाइयों का **केवल महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड से सम्बद्धता होनी चाहिये, किसी अन्य बोर्ड से सम्बद्धता होने पर महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड, उज्जैन से सम्बद्धता निरस्त कर दी जाएगी। छात्र केवल एक ही बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए पात्र होंगे। इस आशय का संलग्न प्रपत्र-'A' अनुसार एक शपथ-पत्र** (Affidavit) देना होगा।

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड द्वारा **अनुदान रहित वेद-पाठशालाओं/ अनुदान रहित संस्थाओं/ अनुदान रहित इकाइयों** से सम्बद्धता शुल्क प्राप्त हो जाने के उपरान्त तथा छात्रों के पञ्जीयन हो जाने के बाद ही छात्रों की परीक्षाएं आयोजित होंगी। इसी क्रम में महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड, उज्जैन की आयोजित प्रथम बैठक के निर्देशानुसार अनुदान रहित वेद-पाठशालाओं/संस्थाओं/इकाइयों को **महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड** से सम्बद्धता प्राप्त करने के लिए निम्नानुसार वार्षिक शुल्क प्राप्त किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई:-

| **क्र.सं.** | अनुदानरहित वेद-पाठशाला/ संस्था/ इकाई | **सम्बद्धता शुल्क (प्रति वर्ष के लिए)** |
|---|---|---|
| 1. | अनुदान रहित वेद पाठशाला/संस्था | रू. 15,000/- |
| 2. | अनुदान रहित गुरू-शिष्य-परम्परा-इकाई | रू. 3,000/- |

**सम्बद्धता हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र:** प्रतिष्ठान की **वेबसाइट** www.msrvvp.ac.in पर भरे जा सकते हैं। इसके उपरान्त ही छात्रों के परीक्षा फार्म निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करके ऑनलाइन परीक्षा फार्म प्रेषित किए जा सकते हैं। **वार्षिक सम्बद्धता शुल्क** RTGS/NEFT **द्वारा** MSRVVP-MSRVSSB, **केनरा बैंक, चिन्तामण जवासिया, उज्जैन के खाता संख्या:-** 110102630290, IFSC **कोड:-** CNRB0005679 में देय रहेगा ।

**महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड के आदेश से जारी।**

(प्रो. विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल)
सचिव

**प्रतिलिपि :** (1) सहायक निदेशक, मसारावेविप्र, उज्जैन
(2) प्रतिष्ठान से अनुदानित समस्त वेदपाठशालाओं/इकाइयों/रा.आ.वे.वि. में अध्ययनरत छात्रों/ अध्यापकों की सूचनार्थ प्रतिष्ठान की वेबसाईट पर प्रकाशनार्थ ।
(3) कार्यालय आदेश पत्रावली ।

'A'

**स्व-प्रमाणित शपथ-पत्र (100 रूपए के स्टाम्प पेपर पर)**

अनुदान रहित वेद-पाठशाला एवं अनुदान-रहित गुरू-शिष्य-परम्परा इकाई का सम्बद्धता एवं

# अध्ययन-अध्यापन प्रमाण

मैं ................................................... पुत्र/पुत्री/पति श्री ................................................

जन्म-दिनांक ............................ वेद-पाठशाला/इकाई का नाम ...................................................

पूरा पता ............................................ जिला .................... पिन कोड ............... राज्य ..................

यह शपथपूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि शपथ-पत्र में दिए गए तथ्य एवं विवरण सत्य एवं सही है। यदि इस घोषणा पत्र में मिथ्या पाई जाती है तो मैरे/वेद-पाठशाला/गुरूशिष्य परम्परा इकाई के विरूद्ध प्रतिष्ठान द्वारा लिया गया निर्णय मुझे मान्य होगा। साथ ही मेरे द्वारा आवेदित छात्रों के प्रवेश पत्र / परीक्षा को निरस्त माना जाएगा। अध्ययनरत सभी विद्यार्थी मेरी पाठशाला/इकाई में उपस्थित रहकर प्रतिष्ठान द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रमानुसार अध्ययनरत हैं। इनकी परीक्षा महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान-महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड, उज्जैन द्वारा परीक्षा आयोजित करने का अनुरोध करता/करती हूँ। विवरण निम्नानुसार है:-

1. यहकि मुझे/गुरू/अध्यापक/वेदाध्यापक को महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान द्वारा उक्त अध्ययन/अध्यापन की वित्त व्यवस्था संस्था द्वारा स्वयं की जाती है तथा परीक्षा हेतु किसी भी प्रकार का मानदेय अथवा छात्रवृत्ती देय नहीं होगी। वेद विद्यालय/ वेद-पाठशाला/संस्था अथवा इकाई अनुदानरहित होगा।
2. यह भी शपथकर्ता को ज्ञात है कि केवल महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन - महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड, उज्जैन द्वारा विद्यार्थियों की वेद / आधुनिक विषयों की लिखित एवं मौखिक परीक्षा शैक्षणिक सत्र 2023-24 आयोजित कराई जाएगी।
3. यह भी शपथकर्ता को ज्ञात है कि महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड, उज्जैन से सम्बद्धता हेतु अनुदान-रहित वेद-विद्यालय/वेद-पाठशाला/संस्था/इकाई का निर्धारित सम्बद्धता शुल्क का भुगतान कर दिया गया है।
4. यह भी शपथकर्ता को ज्ञात है कि अध्ययनरत समस्त विद्यार्थियों नें पूर्णकालिक अनुदान-रहित वेद-विद्यालय/वेद-पाठशाला/संस्था/इकाई में रहकर प्रतिष्ठान द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रमानुसार अध्ययन किया है एवं इस आधार पर विद्यार्थी की उपस्थिति कि प्रमाणित किया जाता है।
5. यह भी शपथकर्ता को ज्ञात है कि अनुदान रहित वेद विद्यालय/ वेद-पाठशाला/संस्था अथवा इकाई को बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षाओं में सम्मिलित हो होने के लिए महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड, उज्जैन से सम्बद्धता हेतु प्रतिवर्ष आवेदन करना होगा।
6. यह भी शपथकर्ता द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि अनुदान रहित वेद-विद्यालय /वेद-पाठशाला/संस्था अथवा इकाई में अध्ययनरत विद्यार्थियों का केवल महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड, उज्जैन से ही सम्बद्धता प्राप्त की गई है एवं अन्य बोर्ड से सम्बद्धता नहीं ली गई है एवं अन्य किसी बोर्ड/संस्था की परीक्षाओं में सम्मिलित नहीं हो रहे हैं।

शपथकर्ता के हस्ताक्षर ........................

दिनांक:- ......................................

शपथकर्ता का पूर्ण पता (पिन-कोड सहित)

आधार कार्ड क्रमांक :- .......................

....................................................

....................................................